सबके सहारे लाखो

सबके सहारे लाखो मुझे श्याम का सहारा,
जिसे श्याम का सहरा जीवन में वो न हारा,

श्याम के जैसा नहीं दानी है,
सबसे बिलकुल अलग कहानी है,
करू श्याम की मैं पूजा ऐसा ना कोई दूजा,
मैंने नहीं कहा है संसार कहता सारा,
सबके सहारे लाखो मुझे श्याम का सहारा....

सब के सुनो कहाये थे श्याम से दान लेने आये थे,
लेने को दान भारी मोहन बने भिखारी,
दानी ने शीश दे कर चमका लिया सितारा,
सबके सहारे लाखो मुझे श्याम का सहारा,

सारे संसार ने ये देखा है,
पलटती पल में भाग्ये रेखा है,
दुनिया का करता धर्ता सबके ही कष्ट हरता,
रखता है लाज सबकी सांवरिया सेठ प्यारा,
सबके सहारे लाखो मुझे श्याम का सहारा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5832/title/sabke-sahre-lakho-mujhe-shyam-ka-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |